# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर पचपन दशमलव पांच नौ प्रतिशत हुआ मतदान। चंदौली में सर्वाधिक साठ दशमलव तीन चार और सलेमपुर में सबसे कम इक्यावन दशमलव दो पांच प्रतिशत मत पड़े।
- आई एन डी आई गठबंधन ने कल दिल्ली में की बैठक : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन के दो सौ पनचानबे से ज्यादा सीटें जीतने का किया दावा।
- व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतो में उनहत्तर रुपये 50 पैसे की कटौती : विमान ईंधन की कीमत भी साढ़े छह प्रतिशत घटी।
- प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी से मौसम हुआ खुशनुमा। अगले तीन दिनों तक गर्मी से राहत की उम्मीद।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य की 13 संसदीय सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज के अलावा सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए कल मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सभी तेहर सीटो पर कुल पचपन दशमलव पांच नौ प्रतिशत वोट पड़े। चंदौली में सर्वाधिक साठ दशमलव तीन चार प्रतिशत व महराजगंज में साठ दशमलव शून्य आठ प्रतिशत मतदान हुआ। इसीतरह बलिया में इक्यावन दशमलव आठ चार, बांसगांव में इक्यावन दशमलव पांच नौ, देवरिया में पचपन दशमलव तीन शून्य, गाजीपुर में पचपन दशमलव दो एक, घोसी में चउवन दशमलव आठ पांच, गोरखपुर में चउवन दशमलव छै नौ प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह कुशीनगर में सनतावन दशमलव दो नौ, मिर्जापुर में सत्तावन दशमलव सात दो, रॉबर्टसगंज में पचपन दशमलव नौ दो, सलेमपुर में इक्यावन दशमलव दो पांच और वाराणसी में छप्पन दशमलव तीन चार प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा के उपचुनाव में चउवन दशमलव चार आठ प्रतिशत वोट पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सुबह अपने गृह जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ बालिका प्राथमिक विद्यालय में वोट डाला। वहीं राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने भी गोरखपुर में मतदान किया।

कल जिन 13 सीटों पर मतदान सम्पन्न हुआ है, उनमें से 10 सीटों पर एनडीए की ओर से भाजपा के उम्मीदवार और मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज सीट पर अपना दल के प्रत्याशी मैदान में हैं। घोसी लोकसभा सीट पर सुभासपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस गठबंधन की ओर से सपा ने दस सीटों पर और कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा है।

**********

लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना से पहले विपक्षी आई एन डी आई गठबंधन ने भविष्य की रणनीति तैयार करने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित की गई। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संचालक अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता चंपई सोरेन, सीपीआई–एम के महासचिव सीताराम येचुरी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में टीएमसी और पीडीपी ने भागीदारी नहीं की।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दावा किया कि आई एन डी आई गठबंधन दौ सौ पनचानबे से ज्यादा सीटें जीत रहा है। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गठबंधन के तमाम सदस्य एक्जिट पोल डिबेट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले फैसला किया गया था कि कांग्रेस के सदस्य एक्जिट पोल के डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे। बैठक में शामिल हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है और चार जून को आई एन डी आई गठबंधन की सरकार बनेगी।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते मिर्जापुर में 31 मई को जिला मुख्यालायों से चुनाव ड्यूटी के लिए निकले 7 होमगार्ड्स समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सात होमगार्ड के जवानों के अलावा एक होमगार्ड चपरासी, तीन स्वीपर, एक स्वास्थ्य कर्मी और एक चकबंदी विभाग का कर्मचारी शामिल हैं। चुनाव ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वालों के परिजनों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15–15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

ये सभी अंतिम चरण के मतदान के लिए विभिन्न जनपदों से ड्यूटी के लिए मिर्जापुर पहुंचे थे। इनके अलावा 23 होमगार्ड को तबीयत बिगड़ने पर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर मंडलीय चिकित्सालय पहुंची जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भर्ती मरीजों का हाल जाना। जिला प्रशासन के मुताबिक, मरने वालों में दो गोंडा, दो प्रयागराज, एक बस्ती और एक मिर्जापुर के रहने वाले जवान हैं। मां विंध्यवासिनी स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरबी कमल ने बताया कि हीटवेव से ग्रसित कुल 23 लोगों का इलाज चल रहा है। तापमान अधिक होने की वजह से मरीजों का ब्लड प्रेशर और शुगर प्रभावित हो रहा है।

**********

तेल विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में उनहत्तर रुपये पचास पैसे की कटौती की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने बताया कि दिल्ली में एक व्यावसायिक सिलेंडर का मूल्य एक हजार छह सौ छिहत्तर रुपये होगा। ये सिलेंडर अब कोलकाता में

बहत्तर रुपये, मुम्बई में उनहत्तर रुपये पचास पैसे और चेन्नई में सत्तर रुपये पचास पैसे सस्ते मिलेंगे। इसके अलावा विमान ईंधन की कीमतों में भी साढे छह प्रतिशत की कमी की गई है।

**********

मौसम में आये अचानक बदलाव से प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, आदि जिलों में देर रात तेज हवाओं के साथ बूंदाबादि हुई। आसमान में अभी भी बादल छाये हुए हैं। अगले दो दिनों तक मौसम ऐसे ही बने रहने की उम्मीद है।

उधर कल दोपहर तक प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी रहा। कई जिलों में अधिकतम तापमान पैतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। बीते चौबीस घंटे में सर्वाधिक तापमान अडतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस कानपुर में रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में प्रदेशवासियों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर अगले तीन दिनों में गरज चमक के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आ सकती है।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए राहत कार्यो में और तेजी लाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि इसमे लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

श्री योगी ने लखनऊ में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में संवेदनशील जिलों में विशेष निगरानी के साथ ही चौबीस घंटे में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लू से जन हानि व पशु हानि नही होनी चाहिए। इसके लिए विशेष निगरानी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्यो की रिपोर्ट हर सप्ताह मुख्यमंत्री कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को लेकर कहीं भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लोगों को दोपहर में बाहर निकलने से बचने और बचाव के अन्य उपायों की भी जानकारी दी जाए। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश में हर वर्ष पड़ने वाली भीषण गर्मी व लू को देखते हुए अप्रैल माह में ही एक्सन प्लान तैयार कर लिया गया था। इसके तहत हर जिले में लगातार राहत कार्य किया जा रहा है। तहसील स्तर पर लोगों को लू से बचाव के तरीके व सावधानियों की भी जानकारी दी जा रही हैं।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बर्ड फ्लू को लेकर राज्यों को अलर्ट किया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की तरफ से राज्यों को भेजी गई एडवाइजरी में कहा गया है कि वे मुर्गी पालन और अन्य जंगली पक्षियों की असामान्य मौतों पर नजर रखे। स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क और जागरूक रखे और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये। अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

**********

प्रदेश के लखनऊ विश्वविद्यालय ने अगले शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिये यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यार्थी तीस जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तिथि इकतीस मई तय की गई थी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश संबंधी सभी जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

**********